विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

वर्ष 03 अंक 194
पृष्ठ 12+4=16
कोलकाता, रविवार
18 जनवरी 2015
कोलकाता संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

शिक्षा से ही देश बढ़ेगा उन्नति के पथ पर : फिरहाद

◆ डीपीएस, जोका का वार्षिकोत्सव संपन्न

जागरण संवाददाता, कोलकाता : शिक्षा ही देश को उन्नति के पथ पर आगे बढ़ा सकती है। ऐसे में छात्र समुदाय शिक्षा पर अधिक जोर दें। इसके साथ ही खेल-कूद व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी छात्र-छात्राओं की भागीदारी होनी चाहिए। राज्य के शहरी विकास मंत्री फिरहाद हकीम ने शनिवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), जोका के वार्षिकोत्सव में छात्र समुदाय को प्रोत्साहित करते हुए यह बात कही। इस दिन स्कूल परिसर में पुरस्कार वितरण समारोह के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मंत्री फिरहाद हकीम ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। इसके साथ ही गणेश वंदना पर छात्र-छात्राओं ने नृत्य पेश किया। उन्होंने गुजरात व राजस्थान का लोक नृत्य प्रस्तुत किया। स्कूल के छात्रों ने अंग्रेजी नाटक 'द एक्सचेंज' का मंचन किया। इसके अलावा माइकल जैक्सन के अंदाज में नृत्य पेश किया गया। टैगोर के गीत 'एकला चलो रे' ने श्रोताओं का मन मोह लिया। इस दिन कार्यक्रम में राज्य विधानसभा की उपाध्यक्ष सोनाली गुहा व स्कूल के शिक्षक उपस्थित थे।



समारोह में बोलते शहरी विकास मंत्री फिरहाद हकीम। जागरण